# HBK-01

## December - Examination 2025
## B.A. (Part-I) Examination
## हिन्दी भाषा और लिपि का अभिज्ञान
## Paper : HBK-01

[*Time: **3** Hours* ] [ *Maximum Marks: **70***]

**निर्देश :–** यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दीजिए।

**खण्ड–'अ'** **7×2=14**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :–** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) खड़ी बोली हिन्दी के विकास में फोर्ट विलियम कॉलेज के किन दो अध्यापकों का विशेष योगदान रहा?

   (ii) 'प्रेम सागर' ग्रन्थ की रचना किसने की?

   (iii) सरस्वती पत्रिका के प्रमुख सम्पादक कौन थे?

   (iv) द्विवेदी काल के दो प्रमुख रचनाकारों के नाम बताइये।

   (v) अर्द्धतत्सम शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताओ।

   (vi) हिन्दी भाषा में प्रयुक्त होने वाले चार देशज शब्द बताओ।

   (vii) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –

   (अ) ASSEMBLY
   (ब) BILL
   (स) ELIGIBILITY
   (द) UNITY

**खण्ड–'ब'** **4×7=28**

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**निर्देश :–** **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. हिन्दी गद्य के विकास में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का क्या योगदान रहा?
3. तत्सम–तद्भव शब्दों को परिभाषित करते हुए उदाहरण सहित अंतर बताओ।
4. देवनागरी लिपि का अर्थ बताते हुए, इस लिपि के दोष बताइये।
5. भूमण्डलीकरण के दौर में हिन्दी के प्रचार–प्रसार में फिल्मों का क्या योगदान रहा है?
6. 'जहाँ सुमति तहँ सम्पत्ति नाना,
   जहाँ कुमति तहँ विपत्ति निदाना।'
   पंक्ति का पल्लवन कीजिए।
7. अपने मित्र की नौकरी लगने पर उसे बधाई–पत्र द्वारा बधाई संदेश दीजिए।
8. सरकारी–पत्र किसे कहते हैं? सरकारी–पत्र के विविध रूपों का वर्णन करिए।
9. हिन्दी के विकास में भक्ति आंदोलन की भूमिका की विवेचन कीजिए।

## खण्ड–'स' **2×14=28**

### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

**निर्देश :–** **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. 'हिन्दी भाषा के शब्द–भण्डार को समृद्ध करने में विविध शब्द स्त्रोतों का योगदान है।' स्पष्ट करिए।

11. देवनागरी लिपि के नामकरण के आधार को स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताओ।

12. हिन्दी भाषा के विकास पर एक लेख लिखिए।

13. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए –

    (अ) बेरोजगारी की समस्या और समाधान

    (ब) आतंकवाद : एक अन्तर्राष्ट्रीय समस्या

    (स) राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्त्व

    (द) खेलों मे नारी का बढ़ता योगदान

-----------------------------